**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 11.12.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना एवं समस्त थानो की साईबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर फ्राड के मामलो में माह जनवरी से अब तक कुल 52,89,739-रुपये वापस कराकर पीड़ितों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।**

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम से सम्बन्धित ऑफलाईन, ऑनलाइन शिकायते जो साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल व www.cybercrime.gov.in पर प्राप्त हुई थी, जिसके निस्तारण हेतु साइबर क्राइम थाना, साइबर हेल्प डेस्क की टीम को वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर प्राप्त शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया था।

साइबर क्राइम थाना, साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट, NCCRP पोर्टल आदि के माध्यम से उपरोक्त शिकायतकर्ताओं/पीडितों की कुल धनराशि 52,89,739/- रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की है

अतः शिकायतकर्ता/पीडितों की फ्रॉड हुई धनराशि उनके खाते में वापस होने पर शिकायतकर्ता/पीडितों द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

**कुल बरामद धनराशि-** 52,89,739/-रूपये **(बावन लाख, नवासी हजार, सात सौ उन्तालीस रूपये )**

**अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि साझा न करें।**
**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर काल करें।**

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/www.cybercrime.gov.in**